आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 01.09.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा को संरक्षित करने की जरूरत पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा में राज्य आंदोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की, कहा– राज्य आंदोलनकारियों के सपनो के अनुरूप विकसित उत्तराखंड बनाना सरकार का लक्ष्य है।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा– सरकार खिलाड़ियों के विकास और उन्हें बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार प्रयासरत है।
- प्रदेश में आज से राष्ट्रीय पोषण माह की हुई शुरूआत।

## उपराश्ट्रपति देहरादून दौरा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा को संरक्षित करने की जरूरत पर जोर दिया है। उपराष्ट्रपति ने आज ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान– एम्स में छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए कोलकाता में पिछले दिनों एक महिला चिकित्सक के साथ हुई घटना की निंदा की। श्री धनखड़ ने जोर देते हुए कहा कि इस तरह के जघन्य अपराधों से मानवता को शर्मसार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करनी होगी। साथ ही उन्होंने इस तरह के अपराधों में शामिल दोषियों को दंडित करने के लिए एक मजबूत तंत्र बनाने की जरूरत बताई।

इससे पहले, उपराष्ट्रपति ने देहरादून स्थित राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज– आर.आई.एम.सी के कैडेट्स को संबोधित किया। आर.आई.एम.सी और सैन्य स्कूलों में बालिकाओं की भर्ती की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ये कदम लैंगिक समानता और न्याय के लिए महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश की महिलाएं लड़ाकू विमानों की पायलट हैं, वे अंतरिक्ष मिशनों की कमान संभाल रही हैं, और हर रुकावट को तोड़ रही हैं। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण निश्चित रूप से एक गेम चेंजर होगा।

इस बीच, श्री धनखड़ ने आर.आई.एम.सी परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने सभी कैडेट्स को एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर पौधरोपण करने की अपील भी की।

## खटीमा गोलीकांड

आज खटीमा गोलीकांड की 30वीं बरसी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा में शहीद स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में राज्य आंदोलनकारी शहीदों की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के लंबे संघर्ष और बलिदान के कारण ही प्रदेशवासियों को अलग राज्य उत्तराखण्ड प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि तत्कालीन सरकारों ने राज्य आंदोलनकारियों पर बर्बरता की सभी सीमाएं पार कर दी थी, जिसकी पीड़ा आज भी सभी उत्तराखण्डियों के हृदय में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों से किए गए वादे को पूरा किया और उन्हें व उनके आश्रितों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया है। श्री धामी ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप उत्कृष्ट उत्तराखण्ड बनाना ही सरकार का लक्ष्य है।

## सीएम संवाद

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऊधमसिंह नगर के खटीमा में अनुसूचित जाति के युवाओं से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के उत्थान के लिए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपने को साकार करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिना किसी भेदभाव के प्रदेश की जनता का विकास सुनिश्चित कर रही है। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति

अभ्युदय योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति के लोगों को सशक्त बनाया जा रहा है।

बहुद्देश्यीय शिविर

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पौड़ी के संयुक्त तत्वावधान में गोविन्द बल्लभ पन्त इंजीनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी में एक बहुद्देश्यीय शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रदीप कुमार मणि ने कहा कि ये शिविर अपने उद्देश्यों की पूर्ति में कारगर रहा और लोगों को शिविर का भरपूर लाभ मिला। उन्होंने कहा कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की, प्रदेश के हर जिले में माह में एक बार इस तरह के शिविरों को आयोजित करने की योजना है, ताकि समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति, सरकार से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ ले सकें। वहीं, बहुद्देश्यीय शिविर में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिनके माध्यम से लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

**खेल मंत्री**

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के विकास और उन्हें बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार प्रयासरत है। खेल मंत्री ने आज अल्मोड़ा में विक्टोरिया प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर ये बात कही। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड उन चुनिंदा राज्यों में से एक है, जो खिलाड़ियों को आउट

ऑफ टर्न नौकरी देने के साथ–साथ राज्य सेवाओं में 4 प्रतिशत आरक्षण भी प्रदान करता है। श्रीमती आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार ने खेल विश्वविद्यालय को मंजूरी दे दी है, जिससे उच्च शिक्षा के लिए खिलाड़ियों को अन्य राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा। ये विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध कराएगा और उत्तराखंड को भविष्य में खिलाड़ियों का हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**राष्ट्रीय पोषण माह**

प्रदेश में आज से 30 सितम्बर तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इस साल पोषण माह की थीम "सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत" है। राष्ट्रीय पोषण माह का उद्देश्य लोगों में पोषण संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देना है। पोषण माह के तहत बच्चों और महिलाओं की पोषण स्थिति को बेहतर बनाने, जन्म के बाद पहले छह महीने तक केवल स्तनपान, उम्र के हिसाब से पूरक आहार की आदतें और एनीमिया की रोकथाम–प्रबंधन के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रदेश भर में कई अभियान संचालित किए जा रहे हैं।

**तुंगनाथ**

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित तृतीय केदार तुंगनाथ धाम में 94 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना व जलाभिषेक किया है। बारिश के चलते भुजगली से चन्द्रशिला तक मखमली बुग्याल हरियाली से आच्छादित होने से तुंगनाथ यात्रा पड़ावों की खूबसूरती बढ़ने लगी है। तुंगनाथ धाम में तीर्थ यात्रियों, पर्यटकों और सैलानियों की आवाजाही से तीर्थाटन, पर्यटन व्यवसाय में भारी इजाफा होने के साथ ही मन्दिर समिति की आय में वृद्धि हुई है। 10 मई को भगवान तुंगनाथ धाम के कपाट ग्रीष्मकाल के लिए खोले गये थे। तुंगनाथ धाम के प्रबन्धक बलवीर नेगी ने बताया कि घाटी में धीरे–धीरे मौसम खुशनुमा हो रहा है, इसलिए सितम्बर माह के दूसरे सप्ताह से तुंगनाथ धाम की यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में और बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

**भारतीय मानक ब्यूरो**

सरकारी स्कूलों मे चल रहे पीएम पोषण कार्यक्रम के तहत बनाये जाने वाले भोजन की स्वच्छता को लेकर भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से देहरादून में मानक मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के 300 से अधिक अधिकारी ऑफलाइन व ऑनलाइन शामिल हुए। इस दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता में सुधार और उसमें पोषक तत्वों की मात्रा को बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा के निदेशक सौरभ तिवारी ने

कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों को इस्तेमाल किए जाने वाले सभी सामान मानकों के अनुरूप ही लेने चाहिए।

कार्यक्रम में शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बेहद जरूरी हैं, ताकि स्कूलों में मानकों के अनुसार पौष्टिक आहार बच्चों को उपलब्ध कराया जा सके।

## पंचायत परिसीमन टिहरी

नए पंचायत परिसीमन के बाद टिहरी गढ़वाल में ग्राम पंचायतों की संख्या 1 हजार 34 से बढ़कर अब 1 हजार 49 हो गई हैं। टिहरी से हमारे संवाददाता ने बताया कि नए परिसीमन के बाद 16 राजस्व गावों को अलग ग्राम पंचायत बनाया गया है। वहीं जिले के प्रतापनगर विकासखंड की एक ग्राम पंचायत सौन्दी की भौगौलिक और व्यावहारिक दृष्टि को देखते हुए उत्तरकाशी जिले में सम्मिलित किया गया। जिला पंचायती राज अधिकारी मुस्तफा खान ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बनी समिति ने जिले में 16 नई ग्राम पंचायत के गठन का निर्णय लिया है।

## पेरिस पैरालंपिक

पेरिस पैरालंपिक के आज चौथे दिन पैरा बैडमिंटन में भारत के दो पदक पक्के हो गए हैं। मनीषा रामदास ने एसयू–5 वर्ग में महिलाओं के

सिंगल्स सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब उनका मुकाबला अपने ही देश की टी.मुरुगेशन से होगा।

वहीं, पुरुषों के सिंगल्स एसएल–4 सेमीफाइनल में सुकांत कदम का मुकाबला अपने ही देश के सुहास यतिराज से होगा। इनमें भी फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ी का पदक पक्का हो जाएगा।

पैरा एथलेटिक्स में, रवि रंगोली पुरुषों के शॉट पट एफ–40 वर्ग के फ़ाइनल में पांचवें स्थान पर रहे। उधर, रक्षिता राजू महिलाओं की 1500 मीटर टी–11 स्पर्धा के शुरुआती दौर से बाहर हो गयीं।

पदक तालिका में चीन पहले, ग्रेट ब्रिटेन दूसरे और ब्राजील तीसरे स्थान पर है। भारत एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदकों के साथ 22वें स्थान पर है।